
# राष्ट्रीय सेवा भारती

जागरण | सहयोग | प्रशिक्षण | अध्ययन

## वार्षिक प्रतिवेदन
## 2022-23




राष्ट्रीय सेवा संगम २०२३, जयपुर

स्वावलम्बी भारत, समृद्ध भारत

# विषय सूची


| क्र. | विवरण | पृष्ठ संख्या |
|---|---|---|
| 1. | मंगलकामना | 2 |
| 2. | वार्षिक प्रतिवेदन 2022-23 | 3 |
| 3. | राष्ट्रीय सेवा भारती परिचय, दृष्टिकोण, उद्देश्य | 4 |
| 4. | न्यास मंडल सूची | 5 |
| 5. | सेवा कार्यवृत्त | 6 |
| 6. | जागरण | 7-8 |
| 7. | सहयोग | 9 |
| 8. | प्रशिक्षण | 10-14 |
| 9. | अध्ययन | 15 |
| 10. | आपदा प्रबंधन | 16-17 |
| 11. | वैभवश्री | 18 |
| 12. | विशेष वृत्त | |
| | - माता बाल आरोग्य प्रकल्प-कोंकण प्रान्त | 19 |
| | - रन फॉर ए गर्ल चाइल्ड- तेलंगाना प्रान्त | 20 |
| | - वनवासी सशक्तिकरण केंद्र- मालवा प्रान्त | 21 |
| | - टीकाकरण और जागरूकता कार्यक्रम - जम्मू कश्मीर प्रान्त | 22-23 |
| 13. | आगामी कार्य योजना | 24 |




# मंगलकामना

राष्ट्रीय सेवा भारती समाज में, विशेषकर सेवा बस्तियों में विभिन्न प्रकार की सेवाओं के लिए सदैव संकल्पित है। संपूर्ण भारत वर्ष में विगत 20 वर्षों से अपने प्रयासों द्वारा जागरण, सहयोग, प्रशिक्षण एवं अध्ययन के माध्यम से अपने साथ संलग्न संस्थाओं के द्वारा शिक्षा, स्वास्थ्य, सामाजिक और स्वावलंबन के हजारों प्रकल्प सुचारू रूप से संचालित कर रही है।समाज के वंचित, अभावग्रस्त, उपेक्षित एवं पीड़ित बंधुओं को शिक्षित, सशक्त सुदृढ़ समरस और संस्कारित कर समाज व राष्ट्र निर्माण में जुटी है। इसके साथ संलग्न लाखों समर्पित सेवा व्रतियों का आदर्श एवं प्रेरणादायक वाक्य है:~

**न त्वह्म कामये राज्यं न स्वर्ग ना पुनर्भवं ।**
**कामये दु:ख तप्ताना प्रणीना अर्तिनाश ।।**

राष्ट्रीय सेवा भारती ने गत वर्षों में अपने देश और समाज के समक्ष अचानक आई आपदा और विपदा की घड़ी में समाज के समर्थ हितचिंतकों के सहयोग से सभी संवेदनशील समूहों की सहायता की है। सभी चुनौतियों को अवसर मानकर संपूर्ण समाज का उत्साह एवं सहयोग लेकर कार्यकर्ताओं के समर्पण के साथ संपन्न कार्यों की अनेकों गाथाएं अनुकरणीय एवं प्रेरणादायी रही हैं। आने वाले वर्षों में अपने समाज के सभी सज्जन शक्तियों को एकजुट कर देश के समक्ष उत्पन्न विकट समस्याओं जैसे कुपोषण, निरक्षरता, बेरोजगारी और सामाजिक असमानता के लिए सम्मिलित केंद्रित प्रयास कर संपूर्ण उन्मूलन की दिशा में निरंतर कार्य करने की आवश्यकता है। हमारे समाज में लंबे समय से चल रही इन चुनौतियों को समाप्त कर हम अपनी भारत माता को परम वैभवी बनाने का स्वप्न साकार कर सकेंगे।



**पन्नालाल भंसाली,**
**अध्यक्ष राष्ट्रीय सेवा भारती**

# वार्षिक प्रतिवेदन
## 2022-~2023

राष्ट्रीय सेवा भारती द्वारा वर्ष 2022 ~ 23 के दौरान इसके उद्देश्यों की प्राप्ति हेतु कई प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए गए। प्रांत प्रतिनिधि संस्थाओं से मिलकर शिक्षा के **16184** स्वास्थ्य के **10513** स्वावलंबन के **6805** तथा सामाजिक **9543**, इस तरह पूरे देश भर में कुल **43045** प्रकल्पों का सफलतापूर्वक संचालन किया जा रहा है। हजारों ज्येष्ठ एवं श्रेष्ठ कार्यकर्ताओं की निष्ठा एवं परिश्रम से समाज के वंचित पीड़ित उपेक्षित तथा अभावग्रस्त सेवितों तक इसका लाभ पहुंच रहा है। पारदर्शिता, समर्पण, राष्ट्रीय एकता और देश के वैधानिक नियमों का पूर्ण पालन करते हुए जागरण, सहयोग, प्रशिक्षण तथा अध्ययन के साथ ही इस वर्ष आपदा प्रबंधन तथा सुपोषित भारत कार्यक्रम के बारे में विस्तृत विवरण इस प्रतिवेदन में संकलित किया गया है। इसमें प्रमुखतः नूतन वेबसाइट का प्रारंभ, छात्रावास मार्गदर्शिका का प्रकाशन, "सपोर्ट अ चाइल्ड" कार्यक्रम, वैभवश्री के अंतर्गत स्वयं सहायता समूहों का विकास एवं सुदृढ़ीकरण तथा विभिन्न प्रकार के एक या दो दिवसीय 07 आवासी प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन इस वर्ष की विशिष्ट उपलब्धि रही है। शिक्षा के 4914 केंद्रों का अध्ययन किया गया है। 2023 जयपुर में आयोजित किए जाने वाले तीन दिवसीय सेवा संगम के लिए अपेक्षित तैयारियां भी जा रही हैं। अगले वर्ष 8 विषयों के प्रशिक्षण वर्ग आयोजित करने का लक्ष्य निर्धारित कर इसकी तैयारी की जा रही है।



**रेणु पाठक,**
**महामंत्री, राष्ट्रीय सेवा भारती**

# राष्ट्रीय सेवा भारती
# एक परिचय

नर सेवा नारायण सेवा का ध्येय लेकर समाज में वंचित, अभावग्रस्त, उपेक्षित एवं पीड़ित बंधुओं के सर्वांगिण विकास हेतु अनेको स्वयंसेवी संस्थाए कार्यरत हैं। समाज के लिए सदैव तत्पर रहने वाले इन स्वयंसेवी संगठनों को सेवा कार्यों के लिए समय-समय पर प्रोत्साहित तथा सहयोग करने का कार्य करने वाली राष्ट्रीय सेवा भारती एक छत्र संस्था है। जिसके साथ संचालित सेवा संस्थाओं द्वारा शिक्षा स्वास्थ्य, स्वावलंबन व सामाजिक आयामों के अंतर्गत 43045 सेवा कार्यों द्वारा समाज को सशक्त, समरस व एकता के सूत्र में बांधने में प्रयासरत है। प्रान्त सेवा संस्थाओं के द्वारा राष्ट्रीय सेवा भारती इस व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित करती है।


## दृष्टिकोण

स्वैच्छिक संस्थाओं और समर्पित कार्यकर्ताओं के सामूहिक प्रयास द्वारा समाज के वंचित, अभावग्रस्त, उपेक्षित एवं पीड़ित बंधुओं को शिक्षित, समरस एवं स्वावलंबी कर सुदृढ़ एवं सशक्त राष्ट्र का निर्माण करना।



## उद्देश्य

अपने साथ संलग्नित स्वयंसेवी संस्थाओं को राष्ट्रीय मंच प्रदान कर, सामूहिकता का भाव जागृत कर, जागरण, सहयोग, प्रशिक्षण एवं अध्ययन द्वारा उनका कौशल एवं आत्मविश्वास बढ़ाना।



# न्यास मंडल


मा. पराग अभ्यंकर
संपर्क अधिकारी


मा. राज कुमार मटाले
स्थायी आमंत्रित


मा. पन्ना लाल भंसाली
अध्यक्ष


श्रीमती अमिता जैन
उपाध्यक्षा


श्री श्रवण कुमार
उपाध्यक्ष


श्री सुधीर कुमार
अ. भा. संगठन मंत्री


श्रीमती रेणु पाठक
महामंत्री


श्री विजय पुराणिक
संयुक्त महामंत्री



डॉ. राम कुमार
मंत्री


श्रीमती चन्द्रिका चौहान
मंत्री


श्री अनिल महेश्वरी
कोषाध्यक्ष


श्री ऋषिपाल डडवाल
न्यासी


श्रीमती भानुमती
न्यासी



श्री रामेन शर्मा
न्यासी


श्री विनोद बिड़ला
न्यासी


श्री एक्का चंद्रशेखर
न्यासी


श्री सुनील सप्रे
न्यासी


श्री गुरुशरण प्रसाद
स्थायी आमंत्रित


श्री सुन्दर लक्ष्मण
स्थायी आमंत्रित

# सेवा कार्यवृत्त

## कुल सेवा कार्य 43045

राष्ट्रीय सेवा भारती अपने प्रांत सेवा संस्था और संबद्ध संगठनों के समर्थन, विकास और उन्नयन पर ध्यान केंद्रित करती है , जो स्वास्थ्य, शिक्षा और आत्मनिर्भरता के क्षेत्र में हाशिए पर तथा उपेक्षित लोगों की बेहतरी के लिए काम करते है और सामाजिक क्षेत्र में समर्थन, मार्गदर्शन  और आपदा राहत कार्य करते है।



**16184 - शिक्षा**



**10513 - स्वास्थ्य**



**9543 - सामाजिक**



**6805 - स्वावलम्बन**

# जागरण

## प्रचार


राष्ट्रीय सेवा भारती की अद्यतन वेबसाइट (**www.rashtriyasewabharati.org**) का लोकार्पण दिनांक 2 अगस्त 2022 को झिन्झोली में आयोजित प्रान्त प्रतिनिधि संस्था-कार्यकर्ता अभ्यास वर्ग में माननीय सह सरकार्यवाह श्री मुकुंद जी द्वारा किया गया।




## प्रकाशन

### छात्रावास मार्गदर्शिका

· ग्वालियर में संपन्न अखिल भारतीय छात्रावास प्रशिक्षण वर्ग में चर्चा किये गए विषयों के चिंतन के आधार पर राष्ट्रीय सेवा भारती से संलग्नित संस्थाओं द्वारा संचालित विभिन्न छात्रावासों के संचालन हेतु 'छात्रावास मार्गदर्शिका' हिंदी एवं अंग्रेजी में प्रकाशित।




### पत्रिका प्रकाशन (मासिक / त्रैमासिक )

**पत्रिका प्रकाशन**

**18 प्रान्त**

**ई - पत्रिका (E-Bulletin)**

**23 प्रान्त**

# जागरण

## सेवा गाथा

सेवा गाथा वेबसाइट (**www.sewagatha.org**) हिन्दी, अंग्रेजी समेत मराठी, कन्नड़, गुजराती, तेलुगू, मलयालम, बांग्ला सहित कुल 8 भाषाओं में उपलब्ध है। इस वर्ष तीन अन्य भाषाओं उड़िया, तमिल एवं पंजाबी में लाने की योजना हैं। सेवा गाथा पर प्रकाशित जानकारी एवं सेवा गाथा टोली का विवरण निम्नानुसार हैं

| कुल भाषा | कहानियाँ | वीडियो | पोस्टर्स | ऑडियो | प्रान्त टोली |
|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 92 | 83 | 286 | 142 | 38 |

सेवागाथा का विस्तार वेबसाइट के अतिरिक्त डिजिटल प्लेटफार्म (सोशल मीडिया) पर भी हो चुका है जिसमें प्रान्त इकाईयों के अकाउंट को जोड़कर कुल 64 सोशल मीडिया अकाउंट हैं जिनका निम्नलिखित विस्तार है (reach)।

| | Facebook | Koo | Twitter | YouTube | Instagram |
|---|---|---|---|---|---|
| सब्सक्राइबर | 63224 | 179500 | 11222 | 2150 | 6793 |
| विस्तार | 10 लाख + | 15 लाख + | 8 लाख + | 10 हजार + | 25 हजार + |

# सहयोग

## Support A Child- SAC

राष्ट्रीय सेवा भारती द्वारा देश के विद्यार्थियों के लिए प्रारंभ की गई योजना है, जिसमें भारत के विद्यार्थियों हेतु विश्व हिन्दू परिषद् अमेरिका द्वारा वित्तीय सहयोग प्राप्त होता है। शैक्षणिक सत्र 2021-22 से सेवा भारती द्वारा चलाये जाने वाले छात्रावास में पढने वाले विद्यार्थियों के लिए सहयोग प्राप्त हुआ है। गत वर्ष 17 छात्रावासों के विद्यार्थियों के प्रगति का आलेख अमेरिका के कार्यकर्ताओं को भेजने के पश्चात हमारे कार्य से प्रभावित होकर शैक्षणिक सत्र 2022-23 हेतु 1700 विद्यार्थियों के सहयोग की सहमति प्राप्त हुई है।

### 2021-2022

| 644 छात्र /छात्राएं | 17 छात्रावास | 13 प्रान्त |
|---|---|---|



### 2022-2023

| 1700 छात्र /छात्राएं | 52 छात्रावास | 23 प्रान्त |
|---|---|---|



# प्रशिक्षण

**प्रान्त प्रतिनिधि संस्था के कार्यों में गुणवत्ता बढ़ाने के उद्देश्य से निम्नलिखित अभ्यास वर्गों का आयोजन किया गया।**

एक कुशल कार्यबल उत्कृष्ट परिणाम देता है। प्रशिक्षण दो चरणों में सम्पन्न करने का कार्यक्रम है. पहला प्रशिक्षक का प्रशिक्षण, जो पूरी तरह से कौशल उन्नयन पर केंद्रित है और दूसरा लाभार्थियों का प्रशिक्षण है। राष्ट्रीय सेवा भारती नियमित रूप से अपने चार सेवा आयामों के अंतर्गत कार्यक्रमों को लागू करने के लिए प्रशिक्षकों का प्रशिक्षण आयोजित करती है, जो कि शिक्षा, स्वास्थ्य, आत्मनिर्भरता और अन्य सामाजिक गतिविधियों के साथ-साथ सीएसआर(CSR), एफसीआरए(FCRA) और अन्य वैधानिक अनुपालन से सम्बंधित हैं।

दस्तावेज़ीकरण और रिकॉर्ड का समुचित रखरखाव, सामाजिक संगठन से जुड़ा एक महत्वपूर्ण पहलू है। राष्ट्रीय सेवा भारती अपने विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से उचित दस्तावेज और रिकॉर्ड बनाए रखने में अपने प्रतिनिधि और संबद्ध संगठन को सही मार्गदर्शन देने पर ध्यान केंद्रित करती है।

## प्रान्त कार्यकर्ता अभ्यास वर्ग



सेवा साधना केंद्र, झिंझोली, हरियाणा में 1,2 अगस्त 2022 को अखिल भारतीय प्रांत कार्यकर्ता अभ्यास वर्ग सभी 45 प्रान्तों से अपेक्षित कार्यकर्ताओं की संख्या 284 रही। इस अभ्यास वर्ग का उद्देश्य था की कार्यकर्ता उच्च कोटि की क्षमता एवं कार्यशैली के साथ सरकारी नियमों का पालन करते हुए, राष्ट्र और समाज के लिए सभी कार्यों को आत्मीयता के साथ करने में सक्षम हों। इस अभ्यास वर्ग में मा. सहसरकार्यवाह मुकुंद जी, अ. भा. सेवा प्रमुख मा. पराग अभ्यंकर जी, अ. भा. सह सेवा प्रमुख मा. राजकुमार मटाले जी उपस्थित थे । इस अभ्यास वर्ग में प्रांत प्रतिनिधि संस्थाओं से अध्यक्ष,

# प्रशिक्षण

महामंत्री, कोषाध्यक्ष, संगठन मंत्री एवं महिला कार्य प्रमुख के लिए पृथक प्रशिक्षण सत्र  रखा गया। उन्होंने आशा व्यक्त की कि इससे हमारे कार्यों की गुणवत्ता में अधिक वृद्धि होगी, हमारा कार्य सरलता से एवं सुव्यवस्थित   तरीके से संपन्न होगा । इस अभ्यास वर्ग में कुल 9 सत्र, 14 कालांश (एकत्रित), 5 कालांश दायित्वश: /प्रांतश: गटों में (अधिकांश चर्चात्मक) लिए गए।

## प्रचार अभ्यास वर्ग



राष्ट्रीय सेवा भारती द्वारा वंचित अभावग्रस्त उपेक्षित एवं पीड़ित वर्ग के बीच किए जा रहे सेवा कार्यों की जानकारी समाज के सभी वर्गों तक पहुंचाने का एक मात्र माध्यम है - प्रचार। वर्तमान में प्रभावी प्रचार टूल का महत्व इसकी कार्यविधि सीमाएं तथा इसके लाभ से कार्यकर्ताओं को अवगत कराने के उद्देश्य से दिनांक 3 व 4 सितंबर 2022 को जयपुर में दो दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस वर्ग में प्रांत प्रचार प्रमुख विभिन्न साप्ताहिक, पाक्षिक एवं मासिक पत्रिका, ई बुलेटिन  के संपादक तथा सोशल मीडिया प्रभारी सहित कुल 67 कार्यकर्ता 26 प्रांतों से इस प्रशिक्षण वर्ग में भाग लिया। इस विषय का विस्तार करने के लिए एक आभासी सोशल मीडिया सत्र भी आयोजित किया गया इसमें 26 चयनित प्रांत प्रचार प्रमुखों एवं सोशल मीडिया प्रमुखों ने भाग लिया।





# प्रशिक्षण

## आपदा प्रबंधन अभ्यास वर्ग



वर्तमान समय में पूरे देश भर में विभिन्न प्रकार की प्राकृतिक एवं मानवीय आपदाओं की घटनाओं में लगातार वृद्धि हो रही है। इन आपदाओं की चपेट में आने वाले पीड़ित समूह की सहायता एवं पुनर्वास हेतु संघ ने उल्लेखनीय स्वत: स्फूर्त कार्य किये हैं। आपदा प्रबंधन के विभिन्न अवयवों से कार्यकर्ताओं को परिचित कराते हुए क्षमता वृद्धि के लिए दिनांक 1 - 2 अक्टूबर 2022 को मुंबई में बृहन्मुंबई नगर पालिका के सहयोग से दक्षिण क्षेत्र, पश्चिम क्षेत्र एवं मध्य क्षेत्र के 16 प्रांतों से 111 प्रतिनिधियों को प्रशिक्षण प्रदान किया। इस प्रशिक्षण वर्ग के वर्ग प्रमुख श्री सुमंत पुणतांबेकर जी थे।









# प्रशिक्षण

## छात्रावास कार्यकर्ता प्रशिक्षण वर्ग

विभिन्न प्रान्तों में सेवारत् प्रान्त प्रतिनिधि संस्थाओ द्वारा शिक्षा आयाम के अंतर्गत कई तरह के छात्रावासों का संचालन किया जाता है। इन छात्रावासों का उत्तम प्रकार से प्रबंधन की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए दिनांक 5-6 नवम्बर 2022 को ग्वालियर में श्री जय देव (दादा) जी वर्ग प्रमुख तथा अ. भा. सेवा प्रमुख मा. पराग अभ्यंकर जी के मार्गदर्शन में छात्रावासों का प्रबंधन विषय पर प्रशिक्षण वर्ग आयोजित किया गया। इसमें 30 प्रान्तों के कुल 104 प्रतिनिधि उपस्थित थे।









## आयकर एवं कानूनी अनुशासन आभासी प्रशिक्षण वर्ग

आयकर एवं कानूनी अनुशासन विषय पर 16 नवंबर 2022 को आभासी प्रशिक्षण वर्ग प्रांत प्रतिनिधि संस्था के कोषाध्यक्ष एवं सहयोगियों के लिए आयोजित किया गया। इसमें कुल 97 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

# प्रशिक्षण

## स्वावलबंन प्रशिक्षण वर्ग





राष्ट्रीय सेवा भारती ने स्वावलंबन का तीन दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन 20-22 दिसंबर, 2022 को भास्करीयम कन्वेंशन सेंटर, एलमक्कारा, एर्नाकुलम, केरल में किया । इस वर्ग को लगाने का उद्देश्य उद्यमिता विकास के माध्यम से स्व-रोजगार को बढ़ावा देने के लिए कार्यकर्ताओं की  क्षमता का निर्माण करना ताकि  वह आत्म निर्भर होकर अपना जीवन स्वाभिमान के साथ व्यतीत कर सके । इन स्वयं सहायता समूहों का गठन विभिन्न संस्थाओ के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में किया जाता है| इन स्वयं सहायता समूहों के गठन का मूल उद्देश्य इससे जुड़े परिवारों को स्वावलम्बी बनाकर आत्म सम्मान के साथ जीवन जीने का अवसर सृजित करना है| इस वर्ग में  33 प्रांतों के 116 सदस्यों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया । इस प्रशिक्षण वर्ग में अ. भा. सेवा प्रमुख मा. पराग जी अभ्यंकर का सानिध्य प्राप्त हुआ तथा इसके वर्ग प्रमुख श्री विनोद बिड़ला जी थे ।



# अध्ययन

इस वर्ष शिक्षा आयाम के अन्तर्गत शिक्षा केन्द्रों (बाल संस्कार केन्द्र, बालगोकुलम, अभ्यासिका, पाठदान केन्द्र) का अध्ययन किया गया। सेवा दिशा 2019 के वृत्त को आधार मानकर 4914 केन्द्रों का अध्ययन किया गया। यह अध्ययन ऑनलाईन एप के माध्यम से हुआ, जिसमें प्रांत एवं जिला स्तर पर एडमिन यूनिट बनाकर 2950 कार्यकर्ताओं द्वारा प्रत्यक्ष अध्ययन किया गया।

राष्ट्रीय सेवा भारती अपने साथ संबद्ध और प्रतिनिधि संगठनों को शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वावलम्बन और अन्य सामाजिक गतिविधियों में सहायता प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है और इसे प्रभावी बनाने के लिए प्रत्येक कार्यक्रम की विभिन्न मापदंडों के माध्यम से विश्लेषण और अध्ययन करने की आवश्यकता होती है।

राष्ट्रीय सेवा भारती प्रत्येक कार्यक्रम का विश्लेषण और अध्ययन करती है जो वर्तमान में चल रहे हों अथवा भविष्य में प्रारम्भ होने वाले। यहां तक कि सफलतापूर्वक पूर्ण किए गए कार्यक्रमों का भी विश्लेषण करती है। अध्ययन का उद्देश्य कार्यक्रमों के प्रभाव का पता लगाना है जो केवल लाभार्थियों तक ही सीमित नहीं हैं बल्कि उनसे उस समाज में परिवर्तन भी हो रहा है या नहीं, जहाँ लाभार्थी रहते हैं।








# आपदा प्रबंधन


## असम बाढ़

इस वर्ष उत्तर असम के 23 जिलों में आई त्रासदी ने हजारो लोगों का जनजीवन संकट में ला दिया। बाढ़ एवं भूस्खलन से प्रभावित लोगों के लिए सेवा भारती पूर्वांचल के कार्यकर्ताओं ने वृहद स्तर पर राहत, बचाव  एवं पुर्नवास हेतु सहायता उपलब्ध कराई। 403 स्थानों पर 77 राहत शिविरों में लगभग 20000 परिवारों के लिए पीने योग्य पानी, अनाज, बेबी फूड, बिस्कुट, नमक एवं अन्य भोजन सामग्री, स्वच्छता सामग्री, सोलर लाइट, वस्त्र इत्यादि का वितरण किया गया। इस राहत अभियान में 2434 स्वयंसेवकों की सक्रिय भागीदारी रही।







| जिले | स्थान | राहत शिविर | कार्यकर्त्ता | सेवित जन |
|---|---|---|---|---|
| 23 | 403 | 77 | 2434 | 20000+ |



# आपदा प्रबंधन





## मोरबी झुलतापुल दुर्घटना

दिनांक 30 अक्टूबर 2022 को मच्छु नदी पर निर्मित 765 फीट लम्बा झुलतापुल पर अपेक्षा से अधिक लोग जमा थे उसी समय अचानक दुर्भाग्यवश यह पुल टूट गया और इस पर खड़े लोग सैंकड़ों फीट की ऊँचाई से नीचे गिर गए। नदी के तल में दलदली एवं पथरीली जमीन पर गिरने से सैंकड़ों लोगो की मृत्यु हो गयी एवं अनेकों घायल हुए। दुर्घटना स्थल के समीप रहने वाले कार्यकर्ता दुर्घटना की जानकारी मिलते ही तुरंत घटना स्थल पर पहुँच कर घायलों / मृतकों को निकालने, उपचार हेतु अस्पताल पहुंचाने, मार्ग व्यवस्था ठीक करने, रक्त की आवश्यकता पड़ने पर उसकी व्यवस्था करने परिवारजनों को सांत्वना देने, मृतकों का सम्मानपूर्वक अंतिम संस्कार में हर संभव सहायता की।





# वैभवश्री

## स्वयं सहायता समूह

देश को परमवैभव के शिखर पर ले जाना ही हमारा लक्ष्य है । इसलिए हमारे कार्य का उद्देश्य एक स्वाभिमानी, स्वावलंबी, संस्कारी, सामंजस्यपूर्ण और संगठित समाज का निर्माण करना है

वैभवश्री महिलाओं को राष्ट्र निर्माण में भूमिका निभाने हेतु अग्रसर करने वाला एक प्रभावी माध्यम है, वैभवश्री का उद्देश्य निर्धन महिलाओं या पुरुषों को स्वयं सहायता समूहों में संगठित कर उनकी आर्थिक प्रगति एवं सशक्तिकरण के साथ सामाजिक परिवर्तन करना है।

| स्वयं सहायता समूह | |
|---|---|
| स्वयं सहायता समूह | 12187 |
| स्वावलंबन में सक्रिय स्वयं सहायता समूह | 2451 |
| कुल सदस्य | 120000 |

| वैभवश्री समूह | |
|---|---|
| वैभवश्री समूह | 1823 |
| स्वावलंबन में सक्रिय वैभवश्री समूह | 209 |
| कुल सदस्य | 27494 |



# माता बाल आरोग्य आहार प्रकल्प




**कोंकण प्रान्त:** पौष्टिक आहार में विविध प्रकार की चिक्की, मूंगफली, चना, काला खजूर एवं केला, इसमे से प्रतिदिन एक आहार प्रत्येक बाल, बालिका एवं माता को दिया जाता है।

बालक एवं माता के स्वास्थ्य में आए बदलाव को रिकॉर्ड करने तथा आवश्यकतानुसार औषधी उपलब्ध कराने के लिए महिने में एक समय स्वास्थ्य जांच की जाती है। जिन्हें किसी विशेषज्ञ द्वारा जांच की आवश्यकता होती उनको मार्गदर्शन एवं सहायता प्रदान की जाती है। इस स्वास्थ्य जांच के लिए एक चल चिकित्सालय (मोबाइल डिस्पेंसरी) स्थापित की है।

बस्ती की आवश्यकता एवं समिति की क्षमतानुसार बस्ती में विभिन्न स्वास्थ्य शिविर एवं सामाजिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं।कार्यकर्ताओं के लिए द्वैमासिक प्रशिक्षण आयोजित किया जाता है।



| कुल बालक | 579 |
|---|---|
| कुल बालिकाएं | 564 |
| माताएं | 899 |
| गर्भवती महिलाएं | 75 |
| कुल सेवित | 2117 |

# रन फॉर ए गर्ल चाइल्ड



7th संस्करण रन फॉर ए गर्ल चाइल्ड

**तेलंगाना प्रान्त :**

सेवा भारती तेलंगाना द्वारा 2017 से प्रतिवर्ष हैदराबाद में किशोरी विकास योजना के संचालन हेतु धन संग्रह के लिए आयोजित किये जा रहे प्रमुख कार्यक्रमों की 7वीं कड़ी के रूप में 12 जनवरी 2023 को **"Run for a Girl Child"** का आयोजन किया गया इसमें 9700 से अधिक लोगों ने पंजीयन कराया तथा 5 किमी., 10 किमी. तथा हाफ मैराथन की 3 श्रेणियों में 8200 से अधिक प्रतिभागियों ने दौड़ में हिस्सा लिया। वर्ष 2005 में प्रारंभ किये गये किशोरी विकास योजना में अभी 263 केन्द्रों में 332 स्वयंसेवकों के द्वारा 6676 किशोरियों को जिनकी उम्र 18 वर्ष से कम है ,उन्हें शिक्षा, स्वच्छता एवं स्वास्थ्य से सम्बंधित जानकारी उपलब्ध कराई गई है।










# वनवासी सशक्तिकरण केंद्र

**मालवा प्रान्त:**

वनवासी सशक्तिकरण केंद्र बड़ा घोंसलिया मेघनगर,झाबुआ स्वावलंबन की दृष्टि से एक सशक्त केंद्र बनकर उभरा है। समाज के जनजातीय वर्ग के समग्र विकास हेतु यह केंद्र वर्ष 2014 से संचालित किया जा रहा है। शहरों की ओर वनवासियों का पलायन रोकने व गांव में ही रहकर उन्हें स्वावलंबी बनाने हेतु स्वावलंबन की अनेकों गतिविधियां वर्ष भर चलती हैं इन गतिविधियों में प्रमुख है:

**स्वावलंबन प्रशिक्षण कार्यवृत्त**

| प्रशिक्षण | संख्या |
|---|---|
| • बिजली फिटिंग | 20 |
| • सिलाई | 67 |
| • वाहन चालक(चार पहिया) | 18 |
| • स्वदेशी झालर | 425 |
| • मूर्ति निर्माण | 20 |
| • मोबाइल रिपेयरिंग | 12 |
| • मोटर साइकिल रिपेयरिंग | 61 |
| • मेहंदी एवं ब्यूटी पार्लर | 21 |
| • राखी निर्माण | 343 |
| • इलेक्ट्रॉनिक मशीनरी रिपेयरिंग | 27 |
| • मोटर वाइंडिंग | 07 |
| • ट्रेक्टर रिपेयरिंग | 05 |
| • जैविक कृषि | 80 |

सिलाई प्रशिक्षण



मोटर साइकिल रिपेयरिंग प्रशिक्षण





जैविक कृषि प्रशिक्षण




मोटर रिपेयरिंग प्रशिक्षण

# टीकाकरण और जागरुकता कार्यक्रम

## जम्मू कश्मीर


जम्मू कश्मीर और लद्दाख में ऐसे कई क्षेत्र हैं जहां दुर्गम इलाकों और भौगोलिक परिस्थितियों के कारण इन क्षेत्रों के नागरिक कोरोना टीकाकरण से वंचित रह गए थे। इन लोगों तक टीका पहुंचाना एवं उन्हे टीकाकरण के लिए सहमत करना एक बड़ी चुनौती थी। ऐसी श्रेणी के अंतर्गत आने वाले बंधुओं को सेवा भारती जम्मू और कश्मीर ने मोमेंटम रूटीन इम्यूनाइजेशन ट्रांसफॉर्मेशन एंड इक्विटी (MRITE), यूएसएआईडी (USAID) और जेएसआई हेल्थ (JSI HEALTH) के सहयोग से योजना कर टीकाकरण किया।

### टीकाकरण- लक्ष्य / लक्ष्य प्राप्ति - फेज -1




**लक्ष्य- 70600** **लक्ष्य प्राप्ति - 85944**

### टीकाकरण- लक्ष्य / लक्ष्य प्राप्ति - फेज -2




**लक्ष्य- 44136** **लक्ष्य प्राप्ति - 68763**






# टीकाकरण और जागरुकता कार्यक्रम

## लद्दाख

सेवा भारती ने जम्मू-कश्मीर के 5 जिलों किश्तवाड़, पुलवामा, बडगाम, अनंतनाग, कुपवाड़ा और लद्दाख, लेह और कारगिल के 2 जिलों में सक्रिय रूप से कार्य को किया। इन क्षेत्रों में प्राथमिक चुनौती दुरस्थ ग्रामों में संपर्क करना, लोगों को टीकाकरण के बारे में समझाना और इससे जुड़े भ्रम को तोड़ना था। सेवा भारती ने शासकीय स्वास्थ्य विभाग, सामुदायिक स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर प्रतिकूल जलवायु परिस्थितियों में भी समर्पित रूप से कार्य किया, अत्यधिक ठंड माइनस 25 डिग्री से 10 डिग्री तक के मौसम में भी शिविर आयोजित किए । अभियान का प्रारंभिक लक्ष्य 2979 टीकाकरण का था, जिसे सेवा भारती लद्दाख द्वारा 185% अधिक (5482 टीकाकरण) के साथ पूर्ण किया।









# आगामी कार्य योजना

## प्रस्तावित प्रशिक्षण

आगामी वर्ष में अखिल भारतीय स्तर पर निम्नलिखित प्रशिक्षण वर्ग आयोजित किए जाएंगे:

- **प्रान्त प्रशिक्षण प्रमुख**
- **मातृछाया**
- **आपदा प्रबंधन**
- **सुपोषित भारत**
- **सेवा दिशा**
- **किशोरी विकास**
- **वार्षिक प्रतिवेदन लेखन**
- **कार्यालय प्रबंधन**
- **FCRA (चयनित संस्थाओं के लिए)**
- **सोशल स्टॉक एक्सचेंज (चयनित संस्थाओं के लिए)**

## सेवा दिशा प्रकाशन

समस्त सेवा कार्यों का प्रत्यक्ष सर्वेक्षण कर मार्च 2024 में सेवा दिशा का प्रकाशन किया जाएगा।

## राष्ट्रीय सेवा संगम

7, 8 एवं 9 अप्रैल 2023 को तृतीय राष्ट्रीय सेवा संगम का आयोजन केशव विद्यापीठ,जामड़ोली, जयपुर में किया जा रहा है। जिसमें 1000 सेवा संस्थाओं से 4000 से अधिक प्रतिनिधि भाग लेंगे।



वार्षिक प्रतिवेदन की
ई कॉपी के लिए इस
QR कोड को स्कैन करें


# राष्ट्रीय सेवा भारती

**कार्यालय पता**

**BD-37, गली न.14, फैज़ रोड,**
**करोल बाग, नई दिल्ली -110005**
**वेबसाइट :www.rashtriyasewabharati.org**
**ईमेल : rashtriyasewa@gmail.com**
**फोन न. : 011-46523618,**
**मोबाइल न. 09868245005**


## BANK DETAILS FOR DONATION

| | |
|---|---|
| Account Name: | Rashtriya Sewa Bharati |
| Account No. | 10080533451 |
| Bank Name: | State Bank of India |
| Branch Address: | Jhandewalan Extn. |
| IFSC: | SBIN0009371 |

**राष्ट्रीय सेवा भारती को दिया गया दान, आर्थिक सहयोग आयकर की धारा 80G के अंतर्गत आयकर मुक्त है**